
**दहशत** कछार गांव में 2 भालू दिखने के बाद दहशत व्याप्त

# 2 भालुओं की सर्चिंग में जुटा वन विभाग, हाथ अब भी खाली



**नवभारत,जबलपुर।** चरगवां बीट के बेनी सिंह पिपरिया गांव में एक किसान पर जानलेवा हमला करने के बाद अब भालू ने बेलखेड़ा शहपुरा के कछार में दस्तक दी है जिसको लेकर ग्रामीणों में खासी दहशत व्याप्त हो चुकी है। जानकारी के अनुसार गांव में दो भालुओं के मूवमेंट की खबर मिलने के बाद वन विभाग की टीम पिछले दो दिन से लेकर कछार गांव व उसके आसपास सर्चिंग अभियान चला रही है लेकिन बुधवार तक वन विभाग की टीम को भालू के मूवमेंट की पुष्टि नहीं हुई है।

विदित हो कि करीब 6 दिन पहले चरगवां बीट अंतर्गत बेनी सिंह पिपरिया गांव के खेत में जंगली भालू ने 45 साल के किसान संतरात पर जानलेवा हमला कर दिया था। इस घटना के बाद से स्थानीय ग्रामीणों में खासी दहशत व्याप्त हो चुकी है।

## खेतों के पास नजर आए थे दो भालू

बेलखेड़ा शहपुरा के कछार गांव निवासी मुन्ना, दिनेश, पप्पू चौरसिया सहित अन्य ने नवभारत को बताया कि गांव की बाहरी सड़क और खेतों के पास भालुओं को देखा गया है। अंधेरा होने पर भालू आबादी वाले क्षेत्र में घुसकर मवेशियों या इंसानों पर हमला कर सकते हैं। इसलिए वन विभाग से मांग की गई है कि तत्काल रेस्क्यू कर भालुओं को पकड़कर जंगल में छोड़ा जाए।

## सुनवारा गांव में लगाए गए 4 कैमरे

शहपुरा रेंजर के अनुसार चरगवां बीट के अंतर्गत ग्राम सुनवारा में तेंदुए के मूवमेंट की खबर को लेकर वहां अलग-अलग चार जगह कैमरे लगाए गए हैं जिससे तेंदुआ की लोकेशन मिल सके और फिर उसका रेस्क्यू किया जा सके।

**इनका कहना है**

बेलखेड़ा, शहपुरा के कछार इलाके में वन विभाग की टीम पिछले दो दिनों से लगातार गश्त कर रही है लेकिन भालु के मूवमेंट की कोई पुष्टि नहीं हुई है। स्थानीय ग्रामीणों को सुरक्षा के लिहाज से सतर्क रहने कहा गया है। भालुओं के मूवमेंट की सूचना पर वन विभाग की टीमें गांव में मौजूद होकर गश्त कर रहीं हैं।

**सरिता सिंह, रेंजर, शहपुरा**

## फायर सेफ्टी एक्ट लाने विधायक ने बजट सत्र में उठाई आवाज

**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बुधवार को जबलपुर उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने लगातार बढ़ रही आगजनी की घटनाओं को लेकर ध्यानाकर्षण के माध्यम से फायर सेफ्टी एक्ट लाने और उसे व्यवस्थित रूप से लागू करने के लिए प्रश्न उठाया। डॉ पाण्डेय के द्वारा पूर्व में भी मध्य प्रदेश में फायर सेफ्टी एक्ट लागू किए जाने के संबंध में पूर्व में भी चार बार विधानसभा प्रश्नों के माध्यम से शासन का ध्यान इस और आकर्षित कराया जा चुका है। बुधवार को दोबारा ध्यानाकर्षण के माध्यम से मध्य प्रदेश में तत्काल फायर सेफ्टी एक्ट लागू किए जाने हेतु प्रश्न किया जिसमें नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा इसे जल्दी लागू करने की बात कही गई। इस दौरान विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने विधानसभा में कहा कि प्रदेश के विभिन्न महानगरों और नगरों में स्थित व्यवसायिक परिसर, स्कूल, कॉलेज तथा सार्वजनिक स्थलों पर विगत कुछ समय से आगजनी की घटनाओं में निरंतर वृद्धि हो रही है, जिससे जन-धन की अपार हानि होने की आशंका बनी रहती है।

# मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद का चुनावी कार्यक्रम घोषित

- न्यायाधीश पालो चुनाव अधिकारी नियुक्त



**जबलपुर, नवभारत।** बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने चार दिन पहले चुनाव कराने के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीशएनके मोदी को रिटर्निंग ऑफीसर नियुक्त किया था। इसी बीच जस्टिस मोदी ने चुनावी कार्यक्रम भी घोषित करदिया। प्रदान की गई जानकारी के अनुसार 12 मई को मतदान संपन्न होंगे, वहीं वोटो की गिनती 16 जून को प्रारंभकी जाएगी। उधर, उच्चतम न्यायालय की ओर से गठित हाई पॉवर कमेटी के चेयरमैन जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर नेबीसीआई के आदेश को निरस्त कर सेवानिवृत्त न्यायाधीश एसके पालो को चुनाव अधिकारी नियुक्त कर दियागया है। सुप्रीम कोर्ट ने 16 फरवरी को जस्टिस प्रीतिंकर दिवाकर को मप्र स्टेट बार काउंसिल का चुनाव कराने हाईपॉवर इलेक्शन कमेटी का चेयरमैन नियुक्त किया था 21 फरवरी को बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने जस्टिस एनकेमोदी को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त कर दिया। यह जानकारी मिलने पर चेयरमैन ने आदेश जारी कर कहा कि यहनियुक्ति उसके अधिकार क्षेत्र के बाहर है, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने 18 नवंबर 2025 के आदेश में पूरे भारत में चुनावशीर्ष अदालत के निर्देशों के अनुसार कराने के निर्देश दिए थे।

## तैयारियों में जुटे अधिवक्ता

स्टेट बार काउंसिल के चुनाव के कार्यक्रम को देखते हुए उम्मीदवारों ने प्रचार शुरू कर दिया है। संभावितउम्मीदवारों ने न्यायालयों में संपर्क भी शुरू कर दिया है। बता दे कि स्टेट बार में 25 सदस्यों का चुनाव होता है। इसबार चुनाव में महिला आरक्षण भी रहने वाला है। 30 फीसदी पद महिलाओं के लिए आरक्षित रह सकते हैं। इसीसंभावना को देखते हुए महिला अधिवक्ताओं ने भी प्रचार शुरू कर दिया है।

**चुनावी कार्यक्रम**

- ❑ नामांकन : 8, 9 और 10 अप्रैल
- ❑ नामांकन जांच : 15 और 16 अप्रैल
- ❑ नाम वापसी: 20, 21 और 22 अप्रैल 4 बजे तक
- ❑ अंतिम सूची: 22 अप्रैल 5 बजे तक
- ❑ मतदान : 12 मई
- ❑ परिणाम : 16 जून

**इनका कहना है**



मार्गदर्शन के लिए बार काउंसिल को पत्र लिखा गया है। जल्द ही जवाब आएगा। हाँ चुनावी कार्यक्रम की घोषणा भी की गई है।

**राधेलाल गुप्ता, अध्यक्ष स्टेट बार काउंसिल**

# जुड़वा बच्चों की मौत पर परिजनों को नहीं मिला आज तक न्याय

- जांच रिपोर्ट पर उठाए सवाल निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्यवाही की मांग




**नवजात, जबलपुर।** खजरी खिरिया निवासी रामराज पटेल और उनकी पत्नी वंदना पटेल को लगभग 5 महीने के बाद भी आज तक अपने जुड़वा नवजात बच्चों की मौत के मामले में न्याय नहीं मिल सका है। जिसको लेकर परिजनों ने जांच रिपोर्ट पर भी आपत्ति जताते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय मिश्रा द्वारा प्रस्तुत जांच रिपोर्ट में इंदिरा आईवीएफ में ही ब्लड ग्रुप संबंधी जटिलता का उल्लेख किया गया है। जांच में कहना है कि इंदिरा आईवीएफ सेंटर ने परिजनों को आश्वासन देते हुए आगे का टेस्ट निशुल्क कराने की बात कही है। वहीं परिजन रामराज पटेल का कहना है कि उन्हें किसी प्रकार का आश्वासन नहीं मिला है, फिर से जांच होनी चाहिए और दोषियों पर ठोस कार्रवाई की जाए।

**13 साल बाद घर आई थी खुशियां, मातम में बदलीं-** रामराज पटेल ने बताया कि उनकी शादी के 13 वर्ष बाद 17 सितंबर 2025 को मातृम ऑर्थो एण्ड गायनिक सेन्टर में उनकी पत्नी ने सुबह 11:04 और 11:05 बजे दो पुत्रों को जन्म दिया। जन्म के समय दोनों बच्चे स्वस्थ बताए गए। परिवार में लंबे इंतजार के बाद संतान सुख मिलने से खुशी का माहौल था। परिजनों के अनुसार जन्म के कुछ घंटों बाद ही बच्चों में पीलिया के लक्षण दिखाई देने लगे। इसकी जानकारी अस्पताल स्टाफ और संबंधित डॉक्टर को दी गई, लेकिन गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया। अगले दिन जांच में एक बच्चे का पीलिया स्तर 19 और दूसरे का 20 बताया गया। इसके बाद बच्चों को अन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**एक की जबलपुर, दूसरे की नागपुर में मौत** -परिवार ने दोनों नवजातों को गैलेक्सी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां देर रात एक बच्चे की मौत हो गई। दूसरे बच्चे को नागपुर रेफर किया गया, लेकिन वहां भी इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। परिजनों का आरोप है कि समय पर उचित उपचार मिलता तो दोनों बच्चों की जान बचाई जा सकती थी।

## सदमे से नहीं उभर पाया पूरा परिवार

इस घटना के बाद से पूरा परिवार गहरे सदमे से नहीं उभर पाया है। वंदना पटेल की मानसिक स्थिति भी प्रभावित बताई जा रही है। परिजनों ने संबंधित चिकित्सकों और अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी व प्रशासनिक कार्रवाई की मांग की है। परिवार का कहना है कि उन्हें आज तक न्याय नहीं मिला है और वे न्याय की प्रतीक्षा में हैं।



## शिवनगर पानी टंकी के पास से हटाये 40 अतिक्रमण

**नवभारत, जबलपुर।** निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देश पर शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने शिवनगर पानी टंकी के पास लगभग 40 अतिक्रमण अलग किए गए जिसमें पक्की दीवार, जाली, टीन शेड शामिल थे। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण दल प्रभारी कुलदीप त्रिपाठी के साथ अतिक्रमण्द दस्ते के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# चाकूबाजी करने वाला अवैध वेंडर गिरफ्तार

- जीआरपी ने सुरागों के आधार पर इटारसी से किया गिरफ्तार

**जबलपुर, नवभारत।** पुणे-सुपौल एक्सप्रेस में एक यात्री पर जानलेवा हमला करने वाले अवैध वेंडर को जीआरपीने गिरफ्तार कर लिया है।

घटना 15 फरवरी को उस समय हुई थी जब ट्रेन अपने निर्धारित मार्ग पर भिटौनी स्टेशनके पास थी। इस वारदात के बाद से ही रेल परिसर और ट्रेनों में अवैध वेंडरों की सक्रियता को लेकर सुरक्षा परसवाल उठ रहे।प्राप्त जानकारी के अनुसार, नर्मदापुरम निवासी संजय उर्फ दीपक सिंह ट्रेन में अवैध रूप से सामानबेच रहा था।

इसी दौरान उसका यात्री राहुल सिंह राजपूत से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बहस इतनीबढ़ी कि आरोपी संजय ने राहुल पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलयात्री को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**मामला दर्ज कर जांच शुरू**

घटना के बाद जीआरपी ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। ट्रेन में मौजूद यात्रियों, स्टाफ के बयानों और सीसीटीवीफुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की गई। कड़ी मशक्कत के बाद जीआरपी ने इटारसी में दबिश देकरआरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी के पास वेंडिंग का कोई वैध लाइसेंस नहीं था औरउसके विरुद्ध पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। रेलवे प्रशासन ने अब ट्रेनों में अवैध वेंडरों के खिलाफ सख्तअभियान चलाने और सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने का आश्वासन दिया है।

# नहर में डूबे युवक का शव तीसरे दिन मिला



**जबलपुर।** चरगवाँ थाना अंतर्गत बरखेड़ा स्थित नहर में डूबे युवक का शव तीसरे दिन मिल गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सेमरा निवासी सचिन मेहरा (30) सोमवार सुबह करीब 9 बजे मोटरसाइकिल से गांव के पास बरखेड़ा स्थित नहर पर नहाने गया था। जब वह काफी देर तक घर नहीं लौटा, तो परिजन उसकी तलाश में नहर पहुंचे जहां सीढ़ियों के पास मेढ़ पर सचिन के कपड़े और एटीएम कार्ड रखा हुआ मिला था। वहीं पास ही उसकी मोटरसाइकिल भी खड़ी थी लेकिन सचिन का सुराग नहीं लगा था। जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने गुम इंसान का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी। मंगलवार को भी उसकी तलाश कराई गई थी लेकिन उसका पता नहीं चल रहा था। नहर को भी बंद कर दिया गया था। बुधवार को पुन: रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हुआ। गोताखोरों की मदद से तलाश कराई गई। इसके बाद सचिन का शव मिल गया जिसे बाहर निकाला गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

# संभागायुक्त ने की वीडियो कॉन्फ्रेंस से जिलेवार योजनाओं की समीक्षा

- स्वास्थ्य, पोषण, मनरेगा, कृषि और नगरीय परियोजनाओं पर दिए सख्त निर्देश




**नवभारत,जबलपुर।** संभागायुक्त धनंजय सिंह ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संभाग के सभी कलेक्टर्स के साथ शासन की प्राथमिकता योजनाओं की जिलेवार समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। समीक्षा में उन्होंने राजस्व प्रकरणों, लंबित प्रशासनिक शिकायतों, अनुकंपा नियुक्ति व पेंशन मामलों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मनरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और कृषि वर्ष 2026 की प्रमुख योजनाओं जैसे पर ड्रॉप मोर क्रॉप योजना, डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना, हिरण्यगर्भा अभियान और मत्स्य पालन में आधुनिक तकनीक के उपयोग की प्रगति का जायजा लिया गया।

नगरीय प्रशासन विभाग के अंतर्गत एसबीएम 2.0 और अमृत 2.0 परियोजनाओं में लंबित भूमि आवंटन तथा उद्योग विभाग की लक्षित योजनाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही स्वास्थ्य, पोषण, गर्भवती महिलाओं का एएनसी पंजीयन और बालिका शौचालय निर्माण को समय सीमा में पूरा करने पर विशेष जोर दिया गया। संभागायुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग और प्रभावी कार्ययोजना बनाकर योजनाओं के सफल क्रियान्वयन का निर्देश दिया। जिले के कलेक्टर्स एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सम्मिलित रहे।

## अपनी नाकामी का ठीकरा लाइन कर्मियों पर फोड़ रहे अभियंता

**नवभारत,जबलपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा बकायादार बिजली उपभोक्ताओं से राजस्व वसूली के लिए प्रारंभ की गई समाधान योजना के लक्ष्य तक नहीं पहुंचने वाले मैदानी अभियंता अपनी नाकामी का ठीकरा लाइन कर्मियों पर फोड़ रहे हैं। मप्रविमं तकनीकी कर्मचारी संघ के प्रांतीय महासचिव हरेंद्र श्रीवास्तव ने आरोप लगाया है कि लक्ष्य पूरा नहीं करने का आरोप लगाकर लाइन कर्मियों को सस्पेंड किया जा रहा है और शोकॉज नोटिस थमाये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश की तीनों विद्युत वितरण कंपनियों के मैदानी अधिकारियों के द्वारा नियमित, संविदा एवं आउटसोर्स लाइन कर्मियों को सस्पेंड किया जा रहा है एवं लगभग 60 प्रतिशत लाइन कर्मियों को शोकॉज नोटिस थमा दिये हैं। वहीं आउटसोर्स कर्मियों को नौकरी से निकालने की धमकी दी जाती है। उनका कहना है कि नियमानुसार लाइन कर्मी का काम एफओसी, मेंटनेंस आदि है, लेकिन मैदानी अधिकारी सुबह से बकायादारों की सूची थमा कर राजस्व वसूली के लिए भेज देते हैं और फिर लक्ष्य पूरी नहीं करने का आरोप लगाकर सस्पेंड करते हैं या शोकॉज नोटिस थमा दिया जाता है।

# शराब पीने मना किया तो युवक ने खुद को लगाई आग, मौत

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अंतर्गत क्रेशर बस्ती में युवक को परिजनों ने शराब पीने मना किया तो गुस्से में उसने स्वयं को आग के हवाले कर दिया। आग से वे बुरी तरह झुलस गया जिसे परिजन आनन-फानन में इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे जहां बुधवार सुबह उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया । पुलिस के मुताबिक गणेश चौधरी 56 वर्ष निवासी क्रेशर बस्ती सगड़ा ने सूचना दी कि वे टायर रिमोल्डिंग की दुकान में काम करता है उसका छोटा बेटा अजय चौधरी 27 वर्ष उसके साथ काम करता था बेटा अजय चौधरी अत्याधिक शराब पीने का आदि था जिसे उसने एवं उसकी पत्नी ने कई बार समझाया था जो मानता था मंगलवार शाम लगभग 5-30 बजे शराब के नशे में घर आया और घर में शराब पीने लगा जिसे पत्नी ललिता ने मना किया और शराब छिपाकर रख दी तो अजय ने गुस्से में अपने आप को आग लगा ली पहने हुये कपड़ों में आग लग गई, पत्नी ने चिल्लायी तो आसपास के लोगों ने पानी डालकर आग बुझाई, उसे जानकारी लगने पर तत्काल घर पहुँचा देखा अजय काफी जल चुका था जिसे आटो से उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था दौरान उपचार के बुधवार सुबह लगभग 5-5 बजे बेटे अजय चौधरी 27 वर्ष की मौत हो गई।

## नवीन सराफ बने सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष

**जबलपुर, नवभारत।** नगर के प्रतिष्ठित सराफा एसोसिएशन जबलपुर में बुधवार को एक महत्वपूर्ण प्रशासनिकफेरबदल हुआ है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सराफ 'बख्तावर' ने अपने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुएपद से इस्तीफा दे दिया है। इस आकस्मिक घटनाक्रम के बाद कार्यकारिणी की एक विशेष बैठक बुलाई गई, जिसमें सर्वसम्मति से नए नेतृत्व पर मुहर लगाई गई। बैठक के दौरान अजय सराफ के इस्तीफे को औपचारिक रूपसे स्वीकार किया गया। संगठन की निरंतरता और स्थिरता को ध्यान में रखते हुए, उपाध्यक्ष नवीन सराफ 'बंटी' केनाम का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सभी पदाधिकारियों ने एकमत से स्वीकार कर लिया। बैठक में मौजूद सदस्यों नेस्पष्ट किया कि संगठन की एकता सर्वोपरि है और इस परिवर्तन का बाजार की गतिविधियों पर कोई विपरीतप्रभाव नहीं पड़ेगा। नवीन सराफ बंटी ने तत्काल प्रभाव से कार्यकारी अध्यक्ष की नई जिम्मेदारी संभाल ली है। पदभार ग्रहण करने के बाद नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष नवीन सराफ बंटी ने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट किया।

## मनमोहन नगर में मिली लाश



**नवभारत, जबलपुर।** गोहलपुर थाना अंतर्गत मनमोहन नगर कृषि उपज मण्डी गेट नंबर 02 के पास मंगलवार सुबह एक युवक की लाश पड़ी मिली । पुलिस के मुताबिक विजय नगर निवासी रमेश खत्री ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे उनके भाई विजय कुमार ने फोन कर सूचना दी कि उनकी दुकान के सामने, मेन रोड के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति अचेत पड़ा है। सूचना मिलते ही जब रमेश मौके पर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि करीब 40 वर्षीय एक व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा था। पुलिस का कहना है कि शव की शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।



# कचरे में आग लगाने पर निगम की सख्ती

- रांझी कॉफी हाउस पर लगाया 2 हजार का जुर्माना

**नवभारत,जबलपुर।** शहर को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में नगर निगम ने एक और कड़ा कदम उठाया है। रांझी स्थित कॉफी हाउस परिसर में कचरा जलाकर वायु गुणवत्ता को प्रभावित करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए निगम प्रशासन ने कॉफी हाउस के ऊपर 2,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। इस संबंध में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने नवभारत को बताया कि यह कार्रवाई केवल दंड नहीं, बल्कि शहर के नागरिकों और प्रतिष्ठानों के लिए एक सकारात्मक संदेश है कि पर्यावरण से खिलवाड़ अब स्वीकार्य नहीं होगा।

**स्वच्छता बनाए रखने की दी हिदायत** -जानकारी के अनुसार निरीक्षण के दौरान वायु प्रदूषण की शिकायत मिलते ही निगम की टीम ने मौके पर पहुँचकर स्थिति का जायजा लिया। फिर जुर्माना और आर्थिक दंड लगाने के साथ-साथ परिसर प्रबंधन को भविष्य में कचरा प्रबंधन के सही तरीकों को अपनाने और स्वच्छता बनाए रखने की सख्त हिदायत दी गई। निगमायुक्त के अनुसार यह कदम बढ़ते प्रदूषण को रोकने और शहर के 'एयर क्वालिटी इंडेक्स'को सुधारने में मील का पत्थर साबित होगा। नगर निगम का उद्देश्य केवल जुर्माना वसूलना नहीं, बल्कि नागरिकों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का भाव उत्पन्न करना है।

## आधा दर्जन फरार अपराधियों पर ईनाम घोषित

**जबलपुर।** कटंगी एवं चरगवां थानों में दर्ज अपराधों में लंबे समय से फरार चल रहे आधा दर्जन अपराधियों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने ईनाम घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक चरगवां थाने में दर्ज प्रकरण में फरार विजय मिश्रा पिता अजय कुमार मिश्रा 42 वर्ष निवासी बाजनामठ गढा की गिरफ्तारी पर तीन हजार एवं कटंगी थाने में दर्ज अलग-अलग आर्म्स एक्ट के प्रकरणों में फरार सत्येन्द्र बर्मन पिता छुट्टू बर्मन 19 वर्ष निवासी तमोरिया कटंगी, राजेश नाथ पिता बिहारी लाल नाथ 45 वर्ष निवासी तेंदूखेडा दमोह पर दो-दो हजार एवं अन्य अपराध में फरार अंकुश सिंह पिता दयाराम सिंह 24 वर्ष निवासी बजरंग नगर करमेता माढोताल एवं सरफराज निवासी कटंगी, सबदर खान पर दो-दो हजार रूपए का ईनाम घोषित किया गया है।

**दौरा** संयुक्त सचिव ने बरगी नगर और सालीवाड़ा के विद्यालयों का किया दौरा

# पीएम श्री विद्यालयों में कमियों को सुधारें : संयुक्त सचिव



**नवभारत,जबलपुर।** केंद्रीय शिक्षा विभाग की संयुक्त सचिव श्रीमती अमरप्रीत सिंह दुग्गल ने बुधवार को पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, बरगी नगर और पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सालीवाड़ा का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालयों में संचालित गतिविधियों का अवलोकन करते हुए कमियों को शीघ्र दूर करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान राज्य शिक्षा केंद्र के अपर संचालक अरुण सिंह, दिल्ली से कंसल्टेंट रेनू रुहिल, तहसीलदार रविंद्र पटेल और अन्य शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

**27 पीएम श्री विद्यालयों की प्रगति पर चर्चा**

निरीक्षण के बाद कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सभी पीएम श्री विद्यालयों की समीक्षा बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिले के 27 पीएम श्री विद्यालयों की प्रगति पर चर्चा की गई, जिनमें सात केंद्रीय विद्यालय, एक नवोदय विद्यालय और उन्नीस राज्य विद्यालय शामिल हैं। बैठक में योजना के प्रमुख घटकों और इको क्लब की प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। संयुक्त सचिव श्रीमती दुग्गल ने सभी विद्यालयों में नियमित साफ-सफाई, स्वच्छ शौचालय, नर्सरी कक्षाओं हेतु 'जादू नहीं पिटारा' किट का सही उपयोग, और मेंटल व करियर काउंसलर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक गेहलोत, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, नवोदय विद्यालय के प्राचार्य एस एन मिश्र, केंद्रीय विद्यालय संगठन के उपायुक्त दिगराज मीणा, डीपीसी योगेश शर्मा, तथा सभी पीएम श्री विद्यालयों के प्राचार्य और विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी उपस्थित थे।